Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to set up a Textile Park in Meerut, Uttar Pradesh -laid.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): मेरठ पश्चिमी उत्तर प्रदेश का हृदय स्थल तथा महत्वपूर्ण औद्योगिक एवं व्यवसायिक केंद्र है । मेरठ वस्त्र उत्पादन का देश का एक महत्वपूर्ण केंद्र है जो लगभग तीन लाख स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार देता है । मेरठ के निकटवर्ती अनेक कस्बे एवं नगर भी वस्त्र उत्पादन के महत्वपूर्ण केंद्र हैं । मेरठ का वस्त्र बिक्री का बाजार विदेश में सम्मानजनक स्थान रखता है । यहां से मध्य पूर्व तथा नेपाल इत्यादि को जहां कपड़े का निर्यात होता है वही मेरठ में निर्मित कपड़ा पूरे देश में प्रतिस्पर्धी कीमत के कारण बहुत लोकप्रिय है ।

कपड़े के डिजाइन, रंगाई, बुनाई तथा ब्रांडिंग के लिए केंद्र सरकार के वस्त्र मंत्रालय का बुनकर सेवा केंद्र स्थापित है जहां टैक्सटाइल टेक्नोलॉजी के छात्र तथा बुनकर कपड़े की गुणवत्ता बढ़ाना सीखते हैं । केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत 40 जिलों में कार्य करने वाला खादी ग्रामोद्योग आयोग का कार्यालय भी मेरठ में स्थित है । केंद्र सरकार के वित्त वर्ष 2021-22 के बजट में एक महत्वपूर्ण घोषणा सात नए टैक्सटाइल पार्कों की स्थापना की है ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में मेरठ में एक नए टैक्सटाइल पार्क की स्थापना करने की कृपा करें ।